**प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 09 सितम्बर 2024**

**(1)** माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की एवं समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज देवघर जिला के मोहनपुर प्रखंड में नया चितकाठ पंचायत भवन प्रांगण में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमि तपोभूमि है और उन्हें यहां शांति की अनुभूति हो रही है। निश्चित रूप से यह प्रदेश देश में ही नहीं वरन विदेश में भी अपनी पहचान बनाएगा लेकिन यह तभी संभव है जब सभी लोग प्रगति करें और सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिले। उन्होंने कहा कि

सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह होनी चाहिए।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि कुछ दिनों पूर्व उन्हें उत्तर प्रदेश में अपने गृह जिला स्थित एक पंचायत भवन में जाने का अवसर मिला। उस सर्व सुविधा युक्त पंचायत भवन में वातानुकूलन की भी व्यवस्था थी। यह दर्शाता है कि पंचायत स्तर तक विकास की एक नई गाथा लिखी जा रही है और सरकार की योजना से नीचे के पायदान पर अवस्थित लोग भी लाभान्वित हो रहे हैं। पूर्व में

सरकार के द्वारा भेजी जाने वाली राशि कुछ प्रतिशत ही लाभान्वित तक पहुंचता था लेकिन अब लाभान्वितों के खाते में सीधे राशि उपलब्ध कराकर उन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है और विकास की इस अवधारणा को देखकर दुनिया भी चकित है। उन्होंने कहा कि सरकार आपके कल्याण के लिए सतत प्रयत्नशील है। माँ-बहनों के जीवन को सुगम करने के लिए सरकार द्वारा उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया और

जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार द्वारा क्रमश: लगातार प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के बहनों ने काफी प्रगति की है पिछले दिनों उन्हें स्वयं सहायता समूह द्वारा कटहल का प्रोसेसिंग कर विभिन्न उत्पाद देखने का अवसर प्राप्त हुआ।

राज्यपाल महोदय को वहाँ उपस्थित ग्रामीणों ने अपने समस्याओं से अवगत कराया। JSLPS की रानी देवी ने कहा कि उन्हें अच्छे ट्रेनिंग देने की व्यवस्था प्रदान की जाय। ग्रामीणों ने कहा कि इस पंचायत में 8 विद्यालय हैं लेकिन शिक्षकों की कमी है यहां पर लड़कियों के लिए एक अलग हाई स्कूल की आवश्यकता है। कई चापाकल बेकार पड़े हुए हैं। कुछ सड़कों पर बरसात का पानी जमा हो जाता है। रामकृष्ण विवेकानंद विद्यामंदिर के एक छात्र

ने परीक्षा से संबंधित परेशानी बताई। राज्यपाल महोदय ने कहा कि इस समस्या के निदान हेतु उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपनी समस्याओं से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के साथ-साथ प्रशासन को भी अवगत कराएं। वहां उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारियों ने भी ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट किया।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने JSLPS के तहत चक्रीय निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना,

अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, सावित्री बाई किशोरी समृद्धी योजना के लाभूकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट प्रखंड के डांडे पंचायत भवन में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि वे ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानना चाहते हैं, ताकि उन समस्याओं का निराकरण किया जा सके। साथ ही यह भी जानना चाहते है कि सरकार की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को किस हद तक मिला है एवं उसमें सुधार की क्या संभावनाएं हैं। उन्होंने ग्रामीणों से जल जीवन

मिशन के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्धता की दिशा में हो रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों ने अस्पताल में प्राप्त सुविधाएं एवं चिकित्सकों के कमी के संबंध में बताया। ग्रामीणों द्वारा विद्यालयों में शिक्षकों के कमी से पढ़ाई में हो रहे उत्पन्न बाधा से भी राज्यपाल महोदय को अवगत कराया।

राज्यपाल महोदय ने प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ अन्य आवास योजना के तहत पंचायत में लाभूकों की जानकारी प्राप्त की।

ग्रामीणों ने बताया कि इस पंचायत मंव अधिकांश लोगों का आवास निर्मित हो चुका है एवं बचे हुए लोगों का आवास निर्माण हेतु भी कार्रवाई चल रही है। उन्होंने पेंशन से संबंधित योजनाओं के बारे में लोगों से पूछा कि इस योजना से लाभ हो रहा है अथवा नहीं। स्वयं सहायता समूह के बहनों के उनके आय के बारे में जानकारी प्राप्त की। स्वयं सहायता समूह के बहनों ने बताया कि सरकार के इस योजना से जुड़कर 7 से 10 हजार प्रतिमाह का आय प्राप्त हो रहा

है एवं आय में वृद्धि के लिए सतत प्रयत्नशील हैं।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय द्वारा सर्वजन पेंशन योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना एवं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत परिसंपतियों का वितरण भी किया।